दावा प्रक्रिया

आप अपना आवेदन पूरा करते हैं और उसे प्रस्तुत करते हैं।

यदि आपने अन्य सभी विकल्प आज़मा लिए हैं और कोई सफलता नहीं मिली है तो हमसे संपर्क करें अथवा *हमारी वेबसाइट (omvic.on.ca) पर जाकर क्लेम पैकेज को डाउनलोड करें*। सुनिश्चित करें कि आप सभी निर्देशों का पालन करें और सभी फ़ार्म पूरे भरें।

हम बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज़ के लिए आपका दावा (क्लेम) तैयार करने में सहायता करते हैं।

जब आप अपना क्लेम प्रस्तुत करेंगे तो हम आपके आवेदन की जांच करेंगे, यह निर्धारण करेंगे कि आप मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं और फिर आपका दावा तैयार करेंगे ताकि उस पर बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज़ द्वारा अंतिम रूप से विचार किया जा सके।

बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज़ द्वारा आपके दावे की जांच की जाती है।

दावों की जांच के लिए बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज़ साल में कई बार बैठकें करता है। अधिकांश स्वीकृत दावे अंतिम निर्णय हो जाने के बाद शीघ्र ही स्वीकार कर लिए जाते हैं।

आपको अंतिम निर्णय के बारे में और अपील करने के आपके अधिकार के बारे में (यदि आवश्यक हो) जानकारी दी जाती है।

यदि आप बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज़ के अंतिम निर्णय से सहमत नहीं हों तो एक स्वतंत्र निकाय में अपील कर सकते हैं जिसे लाइसेंस अपील ट्राइब्यूनल कहते हैं। जब आपको बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज़ का निर्णय मिलेगा तो अपील करने के अधिकार के बारे में भी आपको जानकारी दी जाएगी।

मोटर व्हिकल डीलर्स कॉम्पन्सेशन फंड

ओन्टेरियो के वाहन क्रेताओं के लिए वित्तीय सुरक्षा

मोटर व्हिकल डीलर्स कॉम्पन्सेशन फ़ंड, उद्योगों द्वारा वित्तपोषित एक फ़ंड है जिसमें से उन उपभोक्ताओं को मुआवज़ा दिया जाता है, जिन्हें ओन्टेरियो में पंजीकृत किसी वाहन डीलर से किए गए सौदे की वजह से वित्तीय नुकसान हुआ हो।

मोटर व्हिकल डीलर्स कॉम्पन्सेशन फ़ंड द्वारा दी जाने वाली अधिकतम राशि *$45,000* प्रति वाहन सौदा है।

मोटर व्हिकल डीलर्स कॉम्पन्सेशन फ़ंड का संचालन ओन्टेरियो मोटर व्हिकल इंडस्ट्री काउंसिल (ओ.एम.वी.आई.सी.) द्वारा किया जाता है, जो ओन्टेरियो के मोटर व्हिकल बिक्री उद्योग के लिए विनियामक प्राधिकरण है।

Motor Vehicle Dealers Compensation Fund

हमसे संपर्क करें

मोटर व्हिकल डीलर्स कॉम्पन्सेशन फंड

फोनः 1-800-943-6002 ext. 3661
फैक्सः 416-226-9406
वेबसाइटः omvic.on.ca
ई–मेलः compfund@omvic.on.ca

वाहन ख़रीद

संबंधी समस्या सुलझाना

वाहन खरीद से जुड़ी समस्याओं को रोकने का सबसे अच्छा तरीका है, खरीद से पहले पूरी जानकारी हासिल कर लेना। यदि खरीद के करार अथवा वाहन के पिछले रिकॉर्ड का खुलासा करने के संबंध में आपको समस्याएं आती हैं तो आप ये कदम उठा सकते हैं।

Motor Vehicle Dealers Compensation Fund

आपकी 3-कदमों की संदर्शिका

कदम 1

समस्या के बारे में अपने डीलर से बात करें

यदि आपको लगता है कि आपने जो वाहन खरीदा है उसके साथ कोई समस्या है तो सबसे पहले उस डीलर से संपर्क करें जिसने आपको वह वाहन बेचा है। कुछ समस्याएं तो मात्र गलतफहमियां होती हैं। **अधिकांश डीलर आपके साथ मिलकर आशंका या समस्या का समाधान निकालेंगे** क्योंकि वे *मोटर व्हिकल डीलर्स एक्ट, 2002* (एम.वी.डी.ए.) से प्रशासित होते हैं और यह एक्ट ओन्टेरियो मोटर व्हिकल इंडस्ट्री काउंसिल (ओ.एम.वी.आई.सी.) द्वारा संचालित होता है। डीलरों को ओ.एम.वी.आई.सी. की आचार–शास्त्र संहिता का भी पालन करना होता है।

अपने सभी करारों, रसीदों, बिलों, चेकों और क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट का रिकॉर्ड और प्रतियां संभालकर रखें।

यदि परिणाम से आप संतुष्ट न हों, तो अन्य समाधान भी हैं। कदम 2 पर जाएं।

टिप्पणी

- वित्तीय मुआवजे हेतु अर्हता के लिए यह जरूरी है कि सौदा कुछ विशिष्ट मानदंडों को पूरा करता हो।
- आपके दावे के समर्थन में साक्ष्य होने जरूरी हैं। **अपने सौदे का विस्तृत रिकॉर्ड और फाइलें संभालकर रखें।**
- यह जरूरी है कि डीलर द्वारा ग्राहक को प्रतिपूर्ति करने में असमर्थ रहने अथवा इनकार करने के **दो वर्ष के भीतर दावा किया गया हो।**

कदम 2

जानकारी और सहायता के लिए ओ.एम.वी.आई.सी. से संपर्क करें

ओ.एम.वी.आई.सी. मोटर वाहन बिक्री उद्योग का विनियामक है और **आपकी समस्या के समाधान में** सहायता कर सकता है। यदि मामला नहीं सुलझता तो आप **मोटर व्हिकल डीलर्स कॉम्पन्सेशन फ़ंड** से वित्तीय सहायता के पात्र हो सकते हैं।

मोटर व्हिकल डीलर्स कॉम्पन्सेशन फंड की स्थापना पात्र उपभोक्ताओं को ऐसी स्थितियों में हुए **वित्तीय नुकसान के लिए मुआवजा** देने के लिए की गई थी, जब उन्होंने ओन्टेरियो के किसी पंजीकृत डीलर से वाहन खरीदा हो।

यदि आप विशिष्ट मानदंडों को पूरा करते हैं और समस्या अभी भी नहीं हल होती, तो **कदम 3** पर जाएं।

ओ.एम.वी.आई.सी.

मोटर व्हिकल डीलर्स कॉम्पन्सेशन फ़ंड केवल तभी लागू होगा जब सौदा ओन्टेरियो में पंजीकृत डीलरों और सेल्सपर्सन से किया जाए।

कदम 3

दावा आवेदन पैकेज प्रस्तुत करें

यदि आप वित्तीय मुआवजे के लिए आवेदन देते हैं तो सुनिश्चित कर लें कि आप **सभी फार्म सही तरीके से पूरे करें और उन पर हस्ताक्षर कर उन्हें नोटरी–प्रमाणित करके वापस कर दें।** पूरे किए गए और सही आवेदनों पर बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज़ की अगली निर्धारित बैठक में विचार किया जाएगा। बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज़ द्वारा, जिसमें उद्योग और उपभोक्ता प्रतिनिधि शामिल होते हैं, आपके आवेदनों की समीक्षा की जाएगी।

डाउनलोड

अपना दावा आवेदन पैकेज *omvic.on.ca* से अथवा *BuyWithConfidence.ca* से डाउनलोड करें।